14 January 2023: PIB Summary for UPSC

14 जनवरी 2023 : PIB विश्लेषण

विषय सूची:

1. G20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक
2. भारतीय खाद्य निगम का 59वां स्थापना दिवस

1. G20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप की पहली बैठक:

सामान्य अध्ययन 2:

अन्तर्राष्ट्रीय संबंध:

विषय: द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक समूह और भारत से संबंधित और/अथवा भारत के हितों को प्रभावित करने वाले करार

प्रारंभिक परीक्षा: G20 के बारे में

संदर्भ:

- भारत की G20 की अध्यक्षता में G20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप (अवसंरचना कार्य समूह) की पहली बैठक 16-17 जनवरी 2023 को पुणे में होगी।

विवरण:

- इस बैठक की मेजबानी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय का आर्थिक कार्य विभाग करेगा। ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील सह-अध्यक्ष के रूप में शामिल हो रहे हैं।
- G20 की इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप एसेट के तौर पर बुनियादी ढांचे के विकास समेत बुनियादी ढांचे से संबंधित निवेश के विभिन्न पहलुओं, गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना निवेश को बढ़ावा देने और बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए वित्तीय संसाधनों को जुटाने के लिए आधुनिक तरीकों की पहचान करने पर विचार-विमर्श करता है।
- इन्फ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप के निष्कर्ष से G20 के वित्तीय ट्रैक की प्राथमिकता तय होती है और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलता है।
- भारतीय G20 की अध्यक्षता का विषय **'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य'** 2023 इन्फ्रास्ट्रक्चर एजेंडे का मकसद स्पष्ट करता है। यह विषय एकसमान विकास के संदेश पर जोर देता है और चर्चा के

केंद्रीय एजेंडे के साथ मेल खाता है जो लचीले, समावेशी और स्थायी शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण की बात करता है।

- इस बैठक में चर्चा का सबसे प्राथमिकता वाला विषय **'भविष्य के शहरों का वित्तपोषण: समावेशी, लचीला और स्थायी'** रखा गया है।

G20 के बारे में:

- G20 या '20 का समूह' (Group of Twenty) एक रणनीतिक बहुपक्षीय मंच है जिसमें दुनिया की प्रमुख विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सदस्य शामिल हैं।
- यह भविष्य के वैश्विक आर्थिक विकास और समृद्धि को हासिल करने में एक रणनीतिक भूमिका निभाता है।
- इसका गठन 1990 के दशक के अंत के वित्तीय संकट, जिसने विशेष रूप से पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को प्रभावित किया था, की पृष्ठभूमि में वर्ष 1999 में किया गया था।
- इसका लक्ष्य मध्यम आय वाले देशों को सम्मिलित करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना था।
- पहला G20 शिखर सम्मेलन 2008 में संयुक्त राज्य अमेरिका के वाशिंगटन में हुआ था।
- G20 का कोई निश्चित मुख्यालय नहीं है, और इसके सचिवालय का संचालन प्रत्येक वर्ष समूह की अध्यक्षता करने वाले देशों द्वारा बारी-बारी से किया जाता है।

G20 सदस्य:

- वर्तमान में, G20 के सदस्य देशों का वैश्विक जनसंख्या में 60%, वैश्विक व्यापार में 75% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 80% से अधिक का योगदान है।
- इसके प्रमुख सदस्य ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, जापान, कोरिया गणराज्य, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ हैं।

प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण तथ्य:

1. भारतीय खाद्य निगम का 59वां स्थापना दिवस:
    - भारतीय खाद्य निगम आज अपना 59वां स्थापना दिवस मना रहा है।
    - वर्ष 1965 में, देश में खाद्यान्नों, विशेष रूप से गेहूं की भारी कमी को देखते हुए खाद्य निगम अधिनियम, 1964 के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (FCI) की स्थापना की गई थी।
    - इसका विजन देश के नागरिकों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

- **इसका मिशन न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खाद्यान्नों की कार्यकुशल खरीद, भंडारण एवं वितरण करना, खाद्यान्नों के बफर स्टॉक के रखरखाव सहित समुचित नीतिगत साधनों के माध्यम से खाद्यान्नों और चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से, विशेष रूप से समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को वाजिब मूल्यों पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना है।**